कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।
Phone / Fax No–01372252149
Email- dfokedarnath@gmail.com

पत्रांकः– 1291 / 12–1 गोपेश्वर, दिनांक 03–10–2019

सेवा में,

निदेशक / वन संरक्षक,
नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व,
गोपेश्वर।

विषयः– जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत त्रिजुगीनारायण से तोषी मोटर मार्ग निर्माण हेतु 4.50 है0 सर भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1116/12–1 दिनांक 24–09–2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम के कम में अवगत करना है कि चाही गई सूचना सूचना निम्नानुसार प्रेषित की जा रहीं है।

1– प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण केदारनाथ वन्य जीव विहार के संरक्षित क्षेत्र में प्रस्तावित होने के कारण वन्य जीवों के वासस्थल पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध हेतु Wildlife Mitigation Plan तैयार कर पार्ट II के additional information के क0 संख्या. 1 में अपलोड किया गया है।

2– प्रस्तातिव मोटर मार्ग निर्माण हेतु वाइल्ड लाईफ वोर्ड द्वारा संस्तुति प्राप्त है जिसे पार्ट I के additional information के क0 संख्या. 39 में अपलोड किया गया है तथा संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

3– प्रस्तातिव मोटर मार्ग निर्माण दो विभिन्न संरेखणों पर विचार गया, वैकल्पिक संरेखण में अधिक बांज वृक्ष तथा वन भूमि प्रभावित हो रही है, भू–वैज्ञानिक द्वारा भी चयनित संरेखण हेतु संस्तुति की गइ है। अतः प्रस्तावित सरेखण मोटर मार्ग निर्माण हेतु उचित है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत करना है कि ग्राम तोषी जनपद रूदप्रयाग का सीमान्त गांव है वर्तमान में मोटर मार्ग न होने से क्षेत्र विकास में बहुत पिछ्डा है तथा वहाँ बसी जनसंख्या का ना ही सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हो पाया है। अस्वस्थता तथा महिलाओं को प्रसव आदि की स्थिति में मोटर मार्ग न होने के कारण समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती है, जिसे उनके जीवन का संकट उत्पन्न हो जाता है। उक्त मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में आवश्यक है, जिसकी प्रबल संस्तुति की जाती है।

संलग्न'– यथोपरि।

भवदीय,

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।